संख्या–cm-232
22/07/2019

सांसद स्व0 रामचन्द्र पासवान के अंत्येष्टि में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना 22 जुलाई 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज सांसद स्व0 रामचंद्र पासवान की अंत्येष्टि में शामिल हुए। दीघा स्थित जनार्दन घाट पर मुख्यमंत्री ने स्व0 रामचन्द्र पासवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प–चक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। स्व0 रामचन्द्र पासवान के ज्येष्ठ पुत्र श्री कृष्ण राज पासवान ने मुखाग्नि दी। स्व0 रामचन्द्र पासवान का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार।

इसके पूर्व लोजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री ने स्व0 रामचंद्र पासवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प–चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। स्व0 रामचन्द्र पासवान के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने उन्हें सांत्वना दी।

जनार्दन घाट पर अंत्येष्टि में केंद्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, केन्द्रीय मंत्री श्री रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी चौबे, पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मंत्री श्री महेश्वर हजारी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, सांसद श्री पशुपति कुमार पारस, सांसद श्री रामकृपाल यादव, सांसद श्री महबूब अली कैसर, सांसद श्री चिराग पासवान, विधायक श्री अब्दुलबारी सिद्दीकी, विधायक श्री शकील अहमद, विधायक श्री ददन पहलवान, विधायक श्री ललन पासवान, विधान पार्षद श्री दिलीप चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्व0 रामचन्द्र पासवान के अन्य परिजन उपस्थित थे।

******